दैनिक राष्ट्रीय जनवक्ता



लेख , कविताएं एवं विज्ञापन प्रकाशनार्थ आदि के लिए स्थानीय संपादक इफ्तेखार उद्दीन खान से संपर्क करें
मो. 9977442619
9425442435

डाक पंजीयन क्रमांक मप्र/भोपाल/39/24-26 RNI. No.MPHIN/2005/24545

# राष्ट्रीय जनवक्ता

राजगढ़ जिले का प्रमुख दैनिक समाचार पत्र

दैनिक राष्ट्रीय जनवक्ता

लेख , कविताएं एवं विज्ञापन प्रकाशनार्थ आदि के लिए उप संपादक कमरूउद्दीन खान से संपर्क करें
मो. 9340636911
9425442435
आनंद एक्सीलेंस कॉलेज के सामने, वार्ड नं. 2, ब्यावरा (राजगढ़) मप्र

वर्ष-22 | अंक- 58 | (सांध्य दैनिक) | राजगढ़, सोमवार 8 सितम्बर 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य-1 रूपया

## रूस का यूक्रेन पर एक बार फिर भीषण हमला

- 800 ड्रोन से अटैक, पहली बार राजधानी की सरकारी बिल्डिंग बनी निशाना

**कीव (एजेंसी)।** रूस ने यूक्रेन पर अब तक का सबसे बड़ा हमला किया है। शनिवार रात से रविवार सुबह तक रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव पर ड्रोन और मिसाइलों से ताबड़तोड़ हमले किए। रूस ने रातभर में यूक्रेन पर 805 ड्रोन



और दूसरे हथियारों दागे। हमलों में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हुए हैं। यूक्रेन सरकार ने बताया है कि पहली बार राजधानी कीव की प्रमुख सरकारी इमारत पर रूसी हमला हुआ है। यूक्रेनियों ने युद्ध शुरू होने के बाद इसे अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला कहा है। यूक्रेन की एयरफोर्स के प्रवक्ता यूरी इहनाट ने एपी से कहा कि रूस की ओर से 800 से ज्यादा ड्रोन और मिसाइल दागे गए।

## कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के यहां डकैती की कोशिश

- इंदौर स्थित घर में घुसे 5 नकाबपोश बदमाश, बिजली बंद कर पूरा ऑफिस खंगाला

**भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के घर में शुक्रवार देर रात बदमाशों ने डकैती की कोशिश की। बदमाशों की संख्या 5 से ज्यादा बताई जा रही है। नकाब पहनकर पहुंचे बदमाशों ने जीतू पटवारी के पूरे ऑफिस को खंगाल दिया। घर की बिजली तक बंद कर दी। देर रात बदमाश इलाके में



करीब ढाई घंटे तक घूमे। इस दौरान वह तीन और घरों में भी घुसे। हालांकि, इन घरों से क्या लेकर गए। इस मामले की जानकारी सामने नहीं आई है। राजेंद्र नगर में बिजलपुर इलाके में पीसीसी चीफ जीतू पटवारी रहते हैं। उनके यहां ऑफिस का काम संभालने वाले आशीष शर्मा ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 2 बजे के लगभग 5 से अधिक बदमाश जीतू पटवारी के घर में घुसे थे।

## यूपी में 4 लाख से ज्यादा युवाओं को मिली नौकरी

- सीएम योगी ने 1510 अनुदेशकों को सौंपे नियुक्ति पत्र

**लखनऊ (एजेंसी)।** योगी आदित्यनाथ सरकार ने यूपी के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं। सरकार के मुताबिक, रोजगार मेलों के माध्यम से अब तक 4.13 लाख से



अधिक युवाओं को नौकरी मिल चुकी है। यह उपलब्धि 1736 रोजगार मेलों के जरिए हासिल हुई है, जिनमें 2537 से अधिक कंपनियों ने भागीदारी की। सीएम योगी रविवार को लखनऊ में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने 1510 अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र दिए। यह नियुक्ति पत्र वितरण का कार्यक्रम पूरे प्रदेश में चल रहा है।

### 10 सितंबर को दिल्ली में बुलाई बड़ी मीटिंग

# ईसी करेगा पूरे देश में वोटर वेरिफिकेशन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चुनाव आयोग पूरे देश में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी एसआईआर (सामान्य शब्दों में वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन) करने की तैयारी में है। इसको लेकर दिल्ली में 10 सितंबर को बैठक होगी। न्यूज एजेंसी ने अधिकारियों के हवाले

- साल के आखिरी में शुरू हो सकती है प्रक्रिया




से बताया कि बैठक में सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी शामिल होंगे। इसमें देशभर में एसआईआर कराने को लेकर रणनीति पर चर्चा होगी। यह मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के फरवरी में पद संभालने के बाद तीसरी बैठक होगी। चुनाव आयोग ने कहा है कि बिहार के बाद वोटर लिस्ट जांच की प्रक्रिया पूरे देश में लागू की जाएगी। साल के आखिरी में इसकी शुरुआत हो जाएगी, ताकि 2026 में असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव से पहले वोटर लिस्ट को अपडेट किया जा सके। चुनाव आयोग के अनुसार, एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची को अपडेट करना और अवैध मतदाताओं जैसे विदेशी नागरिकों, मृत व्यक्तियों या स्थानांतरित लोगों को हटाना है। इस बीच कई राज्यों में बांग्लादेश और म्यांमार से आए प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई चल रही है। आयोग ने कहा है कि बिहार के बाद पूरे देश में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण किया जाएगा। ऐसे संकेत हैं कि यह प्रक्रिया इस साल के अंत में और असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु व पश्चिम बंगाल में 2026 में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले शुरू कर दी जाएगी। एसआईआर का मकसद अवैध प्रवासियों के जन्मस्थान की जांच करके उन्हें वापस भेजना है। यह कदम विभिन्न राज्यों में बांग्लादेश और म्यांमार सहित अन्य देशों के अवैध प्रवासियों के खिलाफ है।

### सीएम ने मऊगंज को दिया विकास का तोहफा

# 241.33 करोड़ के कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन

**भोपाल।** मऊगंज में रविवार को देवतालाब परिसर में भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यहां कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस दौरान लगभग 241 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात क्षेत्र को मिली। सीएम ने जहां संयुक्त जिला कार्यालय भवन का शिलान्यास किया, वहीं करोड़ों की लागत से बनी विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और भूमिपूजन भी किया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। मौके पर सीएम ने जनता को विकास और कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का आह्वान किया। इससे पहले रविवार दोपहर करीब 1.30 बजे सीएम डॉ. मोहन यादव हेलीकॉप्टर से देवतालाब पहुंचे। उन्होंने देवतालाब शिव मंदिर में भगवान शिव के दर्शन कर रुद्राभिषेक किया। मुख्यमंत्री ने यहां 203 करोड़ के 16 विकास कार्यों का भूमिपूजन और 37.5 करोड़ के 7 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें नवगठित मऊगंज जिले का



संयुक्त जिला कार्यालय भवन भी शामिल है। सीएम ने कहा कि चीन और अमेरिका दोनों देश भारत का स्वागत कर रहे हैं।

दुनिया इधर से उधर हो जाए, लेकिन किसान का अहित नहीं होने देंगे। यह भारत को आत्मनिर्भर बनाने की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि देश का कोई मंच भारत के बिना अधूरा है। सीएम ने महिलाओं से कहा कि कड़वे दिन खत्म होने के बाद नवदुर्गा आ रही हैं। रणचंडी बनकर इनका (कांग्रेसियों) का संहार करना है। सीएम ने कहा कि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी कभी सेना को गाली बकते हैं, कभी सरकार को गाली देते हैं।

### छत्तीसगढ़ को अतिवृष्टि और बाढ़ में मदद करना हमारा दायित्व

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छत्तीसगढ़ में अतिवृष्टि और बाढ़ से निर्मित स्थिति के संदर्भ में कहा है कि पड़ोसी राज्य की मदद करना हमारा दायित्व है। मध्यप्रदेश सरकार की ओर से मदद की भावना से 5 करोड रुपए की राशि और एक ट्रेन राहत सामग्री, छत्तीसगढ़ भेजी जा रही है। छत्तीसगढ़ में दंतेवाड़ा सहित कई क्षेत्रों में बाढ़ से बहुत क्षति हुई है।

### उत्तराखंड में बादल फटा पंजाब में तांडव

# राजस्थान से पंजाब तक सब पानी-पानी

### हिमाचल में अब तक 350 लोगों की मौत




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश में इस मानसून सीजन (24 जुलाई से लेकर 7 अगस्त) तक बारिश-बाढ़, लैंडस्लाइड से जुड़ी घटनाओं में 366 लोगों की मौत हो चुकी है। राज्य सरकार को 4 लाख करोड़ की संपत्ति का नुकसान भी हुआ है। शिमला में 116 फीसदी और कुल्लू में 113 फीसदी बारिश हुई, जो सामान्य से दोगुनी है। पंजाब के सभी 23 जिले अभी भी बाढ़ से प्रभावित हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, राज्य में अगले 3 दिन बारिश का अलर्ट नहीं है, लेकिन लुधियाना का ससराली बांध टूटने का खतरा बना हुआ है जो सतलुज नदी पर बना है। इस पर बनाया रिंग बांध भी कटने लगा है। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के नौगांव में शनिवार शाम को बादल फटा। बाजार और कई घरों में पानी-मलबा घुस गया। सड़क पर खड़ी कई गाड़ियां भी बह गईं। उत्तर प्रदेश के मथुरा में यमुना नदी शहर से 1 किमी दूर तक पहुंच गई है। घाट किनारे के आश्रमों में 5 फीट तक पानी भरा है। वृंदावन परिक्रमा मार्ग पानी में डूबा है। मौसम विभाग ने रविवार को महाराष्ट्र, गुजरात और राजस्थान में बारिश का रेड अलर्ट, गोवा में ऑरेंज और एमपी-बिहार समेत 20 राज्यों में यलो अलर्ट जारी किया है। इटावा के चकरनगर क्षेत्र में चंबल और यमुना नदियों का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ आ गई है। यमुना चेतावनी बिंदु 120.92 मीटर को पार कर 121.66 मीटर तक पहुंच गई है, जो खतरे के निशान से मात्र 26 सेंटीमीटर नीचे है। बाढ़ से 7 गांवों के लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। सिद्धनाथ मंदिर और कई प्रमुख मार्ग जलमग्न होकर बंद हो गए हैं।



गुजरात में लगातार भारी बारिश और धरोई डैम से पानी छोड़े जाने के बाद साबरमती नदी उफान पर है। इसके चलते अहमदाबाद रिवर फ्रंट जलमग्न हो गया। प्रशासन ने निचले इलाकों के निवासियों के लिए अलर्ट जारी किया है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। गुजरात में रविवार को कई जिलों के लिए बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है।

# जापान के पीएम शिगेरु इशिबा ने दिया इस्तीफा

### पार्टी टूटने से बचाने के लिए छोड़ दिया अपना पद

**टोक्यो (एजेंसी)।** जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने रविवार को इस्तीफा दे दिया है। इशिबा ने यह कदम सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के भीतर विभाजन से बचने के लिए उठाया है। जापानी मीडिया ने यह खबर दी है। इशिबा की गठबंधन सरकार जुलाई में हुए ऊपरी सदन (हाउस ऑफ काउंसलर्स) के चुनाव में हार गई थी। इशिबा ने इसके लिए हाल ही में माफी मांगी थी और कहा था कि वह इस्तीफा देने के बारे में निर्णय लेंगे। चुनावी हार के बाद के एलडीपी भीतर इशिबा को हटाओ आंदोलन तेज हो गया था। पार्टी के कुछ नेताओं और सांसदों ने उनके नेतृत्व पर सवाल उठाए, जिससे उनकी स्थिति कमजोर हो गई थी। अब उनके हटने के



बाद एलडीपी में नई लीडरशिप की दौड़ शुरू हो होगी। इशिबा की लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी और उसके सहयोगी दल ने जुलाई में हुए चुनावों में देश के ऊपरी सदन में अपना बहुमत खो दिया था। हालांकि उस समय उन्होंने कहा था कि वो प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देंगे। जापानी संसद के उच्च सदन में कुल 248 सीटें हैं। इशिबा के गठबंधन के पास पहले से 75 सीटें थीं।

## वोट चोरी के खिलाफ राहुल गांधी ने जारी किया न्यूजलेटर

- वोट चोरी के 5 तरीकों के बारे में बताया, तेजस्वी यादव के साथ बुलेट की सवारी का भी जिक्र



**पटना (एजेंसी)।** बिहार में 16 दिन की वोटर अधिकार यात्रा के बाद राहुल गांधी ने न्यूजलेटर जारी किया है। कांग्रेस ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि, नेता विपक्ष राहुल गांधी का 'वोट चोरी' के खिलाफ अभियान उजागर कर रहा है कि कैसे चुनाव आयोग और बीजेपी मिलकर आपका वोट चुरा रहे हैं और चुनावों में धांधली करने का काम कर रहे हैं।

# ईद के जुलूस में एसडीओपी ने लहराया इस्लामिक झंडा

### छतरपुर में घोड़े पर बैठकर झंडा लिए दिखे, बोले-किसी ने पकड़ा दिया था

**भोपाल।** छतरपुर में ईद मिलाद उन नबी के जुलूस में ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारी इस्लामिक झंडा लिए नजर आए। इस दौरान वे घोड़े पर बैठे थे। घटना शुक्रवार की है, जिसका वीडियो रविवार को सामने आया है। वीडियो में लवकुशनगर एसडीओपी नवीन दुबे, यातायात प्रभारी बृहस्पति साकेत और एक अन्य पुलिसकर्मी घोड़े पर सवार होकर इस्लामिक झंडा लिए नजर आ रहे हैं। स्थानीय लोगों ने सवाल उठाए कि क्या ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों का



धार्मिक जुलूस में इस तरह भाग लेना उचित है। इधर, मामला सामने आने के बाद छतरपुर एसपी अगम जैन ने संबंधित पुलिसकर्मियों को नोटिस जारी कर चार दिन में जवाब मांगा है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में जांच की जा रही है। जल्द भी कार्रवाई की जाएगी। यातायात प्रभारी बृहस्पति साकेत ने इस मामले में जानकारी होने से इनकार किया है। एसडीओपी नवीन दुबे ने सफाई देते हुए कहा - हम घोड़े पर बैठकर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर रहे थे।

# सशस्त्र बलों का एकीकरण जरूर होगा, चाहे जितना समय लगे

### सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी ने बताया क्यों जरूरी है 'थियेटराइजेशन'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सशस्त्र बलों के एकीकरण (थियेटराइजेशन) की खुलकर वकालत की है और कहा है कि युद्ध के दौरान अगर हमें सभी एजेंसियों के साथ बेहतर समन्वय करना है तो आज नहीं तो कल ये काम करना ही होगा। मॉनेकशा सेंटर में एक पुस्तक विमोचन के अवसर पर जनरल द्विवेदी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि हमें बस ये देखना है कि इसमें कितना वक्त लगता है और इसे कैसे बेहतर ढंग से किया जा सकता है। गौरतलब है कि थियेटराइजेशन पर अलग-अलग विचारों के उभरने से इस योजना पर एकराय नहीं बन पा रही थी। सेना प्रमुख के बयान के बाद हर तरह के संशय पर विराम लग सकेगा। जनरल द्विवेदी ने ये भी बताया कि



थियेटराइजेशन क्यों जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब भी हम युद्ध में होते हैं, तो केवल थल सेना ही नहीं लड़ रही होती है। हमारे पास सीमा सुरक्षा बल और भारत तिब्बत सीमा पुलिस भी होती है। तीनों सशस्त्र बल, डिफेंस साइबर एजेंसियां और डिफेंस स्पेस एजेंसियां भी काम करती हैं। इसके अलावा हमारे साथ युद्ध में इसरो, सिविल डिफेंस, रेलवे, एनसीसी, राज्य और केंद्रीय प्रशासन भी शामिल होते हैं। बता दें कि अन्य दो सशस्त्र बलों के प्रमुखों की तरफ से थियेटराइजेशन पर नजरिये के दो हफ्ते बाद सेना प्रमुख का बयान आया है। महू के आर्मी कालेज में अगस्त महीने में आयोजित दो दिवसीय रण संवाद सेमिनार में वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने थियेटराइजेशन पर विचार रखे थे और स्पष्ट किया था कि इस योजना को लेकर दोनों बलों के विचार भिन्न हैं।

### मतभेदों को सर्वश्रेष्ठ तरीके से सुलझाया जाएगा

वहीं थल सेना प्रमुख ने कहा था कि थियेटर कमांड को आगे बढ़ाने के क्रम में सशस्त्र बलों को किसी दबाव में नहीं आना चाहिए। सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा था कि तीनों सेनाओं के बीच थियेटर कमांड स्थापित किए जाने को लेकर जो मतभेद हैं उन्हें देश हित में सर्वश्रेष्ठ तरीके से सुलझाया जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर में 72 हजार एनसीसी योद्धाओं ने किया सहयोग जनरल द्विवेदी ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिकों द्वारा निभाई गई अहम भूमिका का विशेष उल्लेख किया।

### राष्ट्रीय सुरक्षा केवल सैनिकों का ही काम नहीं

उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान 72000 एनसीसी (नेशनल कैडेट कोर) योद्धाओं ने स्वयंसेवक के तौर पर सिविल डिफेंस के लिए काम किया और सपोर्ट सिस्टम बनने में सबसे आगे रहे। यूक्रेन का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा केवल सैनिकों का ही काम नहीं है, बल्कि देश की रक्षा में आम नागरिकों को भी जिम्मेदारी उठानी पड़ती है। जार्जियन शताब्दी समारोह में सेना प्रमुख ने कहा कि यूक्रेन ने दुनिया को दिखा दिया है।

### एमएसएमई और स्टार्टअप्स के पास कम पूंजी होती है

जीएसटी दर कम होने से डिफेंस कारिडोर को फायदा जीएसटी सुधार पर जनरल द्विवेदी ने सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा कि इससे हमारे डिफेंस कॉरिडोर को बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा क्योंकि ज्यादा से ज्यादा निवेश आएगा। एमएसएमई और स्टार्टअप्स के पास कम पूंजी होती है, उन्हें इससे बहुत सहूलियत होगी।

# एनीमिया मुक्त भारत तथा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत कन्वर्जेंस बैठक का आयोजन



**बैतूल (निप्र)।** कलेक्टर श्री नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में जिले में एनीमिया मुक्त भारत तथा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम 23 सितम्बर तथा मॉप अप दिवस का आयोजन 26 सितम्बर 2025 को किया जाएगा। जिसके अंतर्गत एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र टिकारी बैतूल में शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं शिक्षा विभाग की कन्वर्जेंस बैठक का आयोजन किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार हुरमाड़े ने बताया कि को राज्य के चिन्हित 51 जिले जिसमें बैतूल भी शामिल है के सभी स्कूलों एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों में 23 सितम्बर को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान आयोजित होगा। इस दौरान छूटे हुए बच्चों के लिए मॉप-अप दिवस 26 सितम्बर शुक्रवार को कृमिनाशक किया जाएगा।

अभियान के अंतर्गत शासकीय, निजी, केन्द्र शासित, आदिवासी आश्रम शालाओं, स्नातक महाविद्यालयों, तकनीकी शिक्षा केन्द्रों, मदरसों, आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा किशोर न्याय अधिनियम 2015 अंतर्गत संचालक चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूट में 1 से 19 वर्षीय समस्त बच्चों एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों में 20 से 49 वर्ष की प्रजनन आयु वर्ग की महिलाएं जो कि गर्भवती, धात्री नहीं हैं कृमिनाशक किया जाएगा। डॉ हुरमाड़े ने बताया कि कृमि संक्रमण से बच्चों का शारीरिक एवं बौद्धिक विकास बाधित होता है एवं कृमि संक्रमित हितग्राही के पोषण एवं अवशोषण स्तर पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के क्रियान्वयन के लिए स्वास्थ्य विभाग नोडल विभाग है, जिसके द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, पंचायती राज, ग्रामीण विकास विभाग आदि के समन्वय से कार्यक्रम का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाना है।

डॉ हुरमाड़े ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की जानकारी देते हुए बताया कि 1 से 2 वर्ष के बच्चों को एल्बेंडाजोल 400 मि.ग्रा. की आधी गोली चूरा करके, 2 से 3 वर्ष के बच्चे को एल्बेंडाजोल 400 मि.ग्रा. की पूरी गोली चूरा करके, 3 से 19 वर्ष के बच्चे को एल्बेंडाजोल की पूरी गोली चबाकर एवं 20 से 49 वर्ष की महिलाऐं को एल्बेंडाजोल 400 मि.ग्रा. की पूरी गोली चबाकर पीने के साफ पानी के साथ खिलाई जाये। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस में उपयोग किये जाने वाले रिपोर्टिंग प्रपत्रों की विस्तृत जानकारी दी।

बैठक में क्षेत्रीय समन्वयक डॉ दिनेश पांडे, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश परिहार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ विनोद शाक्य, सभी बीएमओ, महिला बाल विकास शहरी परियोजना प्रतिनिधि श्री योगेश धोटे, उप जिला मीडिया अधिकारी श्री महेशराम गुबरेले, एमएण्डईओ श्री मनोज चढ़ोकार, बीपीएम, बीईई, बीसीएम, शिक्षा विभाग प्रतिनिधि श्री बाबू साहू एवं निजी स्कूल के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## फिजियोथैरेपी सेंटर, जन औषधि केंद्र, सजीवनी क्लिनिक एवं दिव्यांग पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण

**विदिशा (निप्र)।** कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता के निर्देशानुसार सूरज निकेतन विशेष स्कूल, राजुल दिव्यांगजन उत्थान समिति, उम्मीद शिक्षण समिति और भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा संचालित फिजियोथैरेपी सेंटर एवं प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र जिला अस्पताल, सजीवनी क्लिनिक, हरी वृद्धा आश्रम एवं जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल में डिप्टी कलेक्टर विदिशा श्री नितिन जैन, भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला सचिव एवं समाजसेवी श्री संदीप उदयवाल तथा डॉ. वीर बहादुर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। इस दौरान बच्चों को फल एवं मिठाइयाँ वितरित की गईं। डिप्टी कलेक्टर श्री नितिन जैन ने कहा कि विदिशा जिले के नागरिकों एवं समस्त समाज को इन समाजसेवी संस्थानों में सहयोग देना चाहिए। उन्होंने संस्थाओं के संचालकों से सेवाओं, रखरखाव, भोजन, स्वास्थ्य सुविधाओं तथा दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों की देखभाल से जुड़ी जानकारियां प्राप्त कीं और उनके उत्थान हेतु बेहतर प्रयासों पर बल दिया। रेड क्रॉस सोसाइटी जिला सचिव श्री संदीप उदयवाल ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए प्रत्येक व्यक्ति को आगे आना होगा। ये दिव्य आत्माएं हमारे समाज की ईश्वरीय शक्तियां हैं, जिनकी सेवा करना परम कर्तव्य है। हमें अपने परिवारिक उत्सव जैसे जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ आदि अवसर इन संस्थाओं में मनाना चाहिए, जिससे उनकी खुशियों को देखकर हमारे परिवारों की खुशियां भी चार गुनी हो जाएं ये सभी हमारे परिवारों की खुशियों के साथ जुड़ सकें।



## जिला अस्पताल : मरीजों को मिलेंगी गुणवत्ता पूर्ण रोटियां, समय पर मिलेगा भोजन

**रायसेन (निप्र)।** जिला अस्पताल में करीब 350 से अधिक मरीज भर्ती रहते हैं। इतने ही मरीजों को जिला अस्पताल में प्रतिदिन चाय, नाश्ता और दो समय का भोजन उपलब्ध कराया जाता है। इतने मरीजों के लिए रोटियां बनाने का काम काफी कठिन और अधिक समय लेने वाला होता है। इतने मरीजों के लिए तीन से चार कर्मचारी तीन से चार घंटे में रोटियां बना पाते थे। अब यही कर्मचारी महज एक घंटे में अच्छी सिकी हुई 1500 रोटियां बना देते हैं। यह संभव हुआ है जिला अस्पताल की रसोई में रोटी बनाने की मशीन लगने से। पांच बर्नर वाली यह मशीन बिजली से चलती है। इसमें रोटी के लिए आटे की लोई बनाकर डालनी होती है। इसके बाद रोटी बेलने से लेकर सेकने तक का काम ऑटोमेटिक होता जाता है। शुक्रवार को सिविल सर्जन डॉ. यशपाल बाल्यान ने रसोई का निरीक्षण भी किया। इस समय होता है वितरणः जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को सुबह 7 से 7.30 बजे के बीच चाय-बिस्किट, सुबह 9 से 9.30 बजे के बीच दूध, पोहा, उपमा और मौसमी फल देने का प्रावधान है। इसके अलावा दोपहर 1.30 बजे से 2 बजे के बीच भोजन उपलब्ध कराने की समय सारणी तय है। इसके बाद दोपहर 3.30 से 4.30 बजे तक चाय-बिस्किट दिया जाता है। इसके बाद रात्रि में 8 बजे से 8.30 के बीच दूसरी बार भोजन उपलब्ध कराया जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### पांच प्रकरणो में जिला बदर का आदेश जारी

**विदिशा (निप्र)।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री अंशुल गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक के पालन प्रतिवेदन पर पांच प्रकरणो में जिला बदर के आदेश जारी कर दिए है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री गुप्ता के द्वारा जारी आदेश में उल्लेख है कि विभिन्न अपराधों में लिप्त आरोपी करनसिंह उर्फ कल्ला अहिरवार पुत्र मोहरसिंह अहिरवार निवासी माता मंदिर के पीछे रंगियापुरा विदिशा थाना कोतवाली विदिशा को 03 माह हेतु, अनावेदक महफूज खां पुत्र कम्मू खां निवासी ग्राम हैदरगढ थाना हैदरगढ जिला विदिशा, तथा कुलदीप राजपूत पुत्र सजनसिंह राजपूत निवासी ग्राम शंकरपुरा (बाडेर) थाना शमशाबाद जिला विदिशा और धन्ना अहिरवार पुत्र ग्यारसीलाल अहिरवार निवासी रंगियापुरा विदिशा थाना कोतवाली विदिशा सहित तीनों को क्रमशः 06-06 माह हेतु, जबकि अनावेदक हिमांशु दांगी पुत्र दिनेश दांगी निवासी आज्ञाराम कॉलोनी थाना सिविल लाईन विदिशा को एक वर्ष हेतु जिला बदर (निष्काषित) किये जाने के आदेश पारित किये गये है। आदेश में उल्लेखित किया गया है कि जिलाबदर (निष्काषित) अवधि के दौरान विदिशा एवं सीमावर्ती जिले, रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर एवं राजगढ की राजस्व सीमाओं में भी नही रह सकेगें। अनावेदक के इन जिलो के न्यायालयों में यदि कोई राजस्व ध् आपराधिक मामले गतिशील हो तो उन मामलो में तारीख पेशी के दिन उन जिलों के न्यायालय में आ एवं जा सकेगा इसके लिए अनावेदक को संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षक एवं संबंधित थाना प्रभारी को सूचना देना अनिवार्य होगा।

### दिव्यांग बच्चों के लिए चिकित्सीय मूल्यांकन व उपकरणों के चिन्हांकन हेतु शिविरों का आयोजन

**विदिशा (निप्र)।** विदिशा जिले के दिव्यांग बच्चों के लिए चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर एवं उपकरण के चिन्हांकन हेतु ऐलिम्को टीम उज्जैन के द्वारा हरेक विकासखंड पर एक एक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शैक्षणिक संस्थानों स्कूलों में अध्ययन रत दिव्यांगता श्रेणी में शामिल बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण साथ ही आवश्यक उपकरणों के नाप-जोख का कार्य मुख्य रूप से शिविरों में किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने समस्त विकासखण्डों में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए एक दिवसीय चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर उपकरण के चिन्हांकन हेतु ऐलिम्को टीम उज्जैन के सहयोग से 08 से 15 सितम्बर की तिथियों में आयोजित किये जा रहे है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रामहित कुमार ने बताया कि निर्देशानुसार विकासखण्ड, दिनांकवार जिला मेडिकल बोर्ड का गठन कर विशेषज्ञों की ड्यूटी उक्त शिविरों में परीक्षण के लिए लगाई गई है। जारी कार्यक्रम के अनुसार नीयत तिथि की पूर्वाहन 11 बजे से शिविर प्रारंभ होंगे तदानुसार 8 सितंबर को गंजबासौदा के मानस भवन में 9 सितंबर को ग्यारसपुर के आजिविका मिशन भवन में दस सितंबर को कुरवाई के बी.आर.सी. कार्यालय कुरवाई में 11 सितंबर को लटेरी के बी.आर.सी. कार्यालय लटेरी में तथा 12 सितंबर को नटेरन बी.आर.सी. कार्यालय नटेरन में 13 सितंबर को सिरोंज के हाजीपुर शाला सिरोंज में और 15 सितंबर को विदिशा के सनराइजर स्कूल शिविर का आयोजन किया गया है।



## अतिथि शिक्षकों ने ई-अटेंडेंस का जताया विरोध, ज्ञापन सौंपा

**रायसेन (निप्र)।** अतिथि शिक्षकों ने शुक्रवार को एसडीएम मनीष शर्मा को ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों ने ई-अटेंडेंस से जुड़ी कई समस्याएं गिनाईं। अतिथि शिक्षकों के मुताबिक, वे नियमित रूप से विद्यालय में अध्यापन कार्य कर रहे हैं। लेकिन ई-अटेंडेंस में कई दिक्कतें आ रही हैं। कई शिक्षकों के पास एंड्रॉइड मोबाइल नहीं है। अधिकांश स्कूलों में नेटवर्क की समस्या है। उन्होंने यह भी मांग की है कि अनुभव के आधार पर 12 माह का सेवाकाल पूरा करने वालों को स्थायी किया जाए। ई-अटेंडेंस शुरू करने से पहले प्रसूति अवकाश, दुर्घटना बीमा जैसी सुविधाएं दी जाएं। साथ ही, मोबाइल फोन उपलब्ध कराए जाएं।उन्होंने कहा कि स्कूल आने-जाने में लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। बारिश के मौसम में नदी-नाले पार करने में परेशानी होती है।

वेतन भी समय पर नहीं मिलता। कुछ शिक्षकों के बैंक खातों से पैसे अपने आप निकल जा रहे हैं। अतिथि शिक्षकों ने मुख्यमंत्री के नाम दिए ज्ञापन में मांग की है कि अनुभव के आधार पर नीति बनाकर उनका भविष्य सुरक्षित किया जाए। जुलाई और अगस्त का वेतन ऑफलाइन उपस्थिति के आधार पर दिया जाए। इससे उनके परिवार का भरण-पोषण सही तरीके से हो सके।

# ई-अटेंडेंस दर्ज नही करने वाले शिक्षकों एवं प्राचार्यों पर की जाए कार्रवाई : कलेक्टर

## ड्रॉपआउट करने वाले बच्चों को आगे की पढ़ाई के लिए करें प्रेरित : कलेक्टर

**सीहोर (निप्र)।** कलेक्टर श्री बाला गुरु के. ने बैठक आयोजित शिक्षा विभाग की विभागीय गतिविधियों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि जिले में कोई भी विद्यार्थी ड्रॉपआउट न करे। शिक्षा का अधिकार प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है, कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, यह सुनिश्चित करना शिक्षा विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

### विद्यालय छोड़ चुके विद्यार्थियों को फिर से पढ़ाई

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि विद्यालय छोड़ चुके विद्यार्थियों को चिन्हित कर उन्हें फिर से पढ़ाई से जोड़ा जाए और हर संभव प्रोत्साहन दिया जाए।



उन्होंने कहा कि ड्रॉपआउट की संख्या को कम करने के लिए कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जाए और नियमित मॉनीटरिंग की जाए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने ई-अटेंडेंस की समीक्षा करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी और विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि ई-अटेंडेस दर्ज नही कराने वाले शिक्षकों और प्राचार्यों पर कार्रवाई की जाए। इसके साथ हीइसकी नियमित मॉनीटरिंग के लिए फ्लाइंग स्क्वाड बनाए जाएं। बैठक में उन्होंने विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि पुस्तक वितरण और साइकिल वितरण जैसी छात्र हितैषी योजनाएं निर्धारित समयसीमा में पूर्ण की जाएं। उन्होंने नामांकन, प्रोफाइल अपडेशन और छात्रवृत्ति स्वीकृति के संबंधी कार्य एक सप्ताह में पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्री संजय सिंह तोमर, डीपीसी श्री रमेशराम उईके सहित विभाग के सभी अधिकारी उपस्थित थे।

# कुरवाई में पेट्रोल पंप पर बड़ी कार्रवाई

## 27 हज़ार से अधिक कीमत का 303 लीटर डीज़ल जप्त




**विदिशा (निप्र)।** कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में राजस्व और खाद्य विभाग के संयुक्त दल के द्वारा जिले के पेट्रोल पंपों,गैस एजेंसियों के साथ साथ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत विक्रय खाद्य समाग्रियों को विक्रय करने वाले संस्थानों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। कलेक्टर श्री गुप्ता के मार्गदर्शन में आज संपन्न हुई कार्रवाई की जानकारी देते हुए जिला आपूर्ति अधिकारी श्री अनिल तंतुवाय ने बताया कि गठित संयुक्त दल ने गुरुवार को बीना रोड कुरवाई स्थित आदिश्वर पेट्रोलियम एवं पानबाई एनर्जी स्टेशन का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पेट्रोल, डीज़ल व एक्स्ट्रा प्रीमियम पेट्रोल का स्टॉक सत्यापन व घनत्व परीक्षण किया गया। साथ ही पंपों पर पेयजल, शौचालय एवं हवा की सुविधाओं की भी जांच की गई है। निरीक्षण दल के सदस्यों ने जांच में आदिश्वर पेट्रोलियम का स्टॉक बोर्ड अद्यतन नहीं पाया गया, जबकि पानबाई एनर्जी स्टेशन के डीज़ल स्टॉक में तय सीमा से अधिक अंतर मिला। इस पर टीम ने 27 हजार 803 रुपए मूल्य का 303.86 लीटर डीज़ल जप्त करने की कार्यवाही की गई है। निरीक्षण दल में कुरवाई के नायब तहसीलदार देवदीप सिंह, सहायक आपूर्ति अधिकारी बासौदा पिंकी शाक्य और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी कुरवाई वैशाली दांगी शामिल थे।

## आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत 101 ग्रामों के प्रतिभागियों को किया प्रशिक्षित

**बैतूल (निप्र)।** जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि आदि कर्मयोगी अभियान के अन्तर्गत बैतूल जिले में जनपद स्तरीय ब्लाक प्रोसेस लैब का आयोजन 1 सितंबर से 16 सितंबर तक सभी 10 जनपद पंचायतों के चयनित 554 ग्रामों में प्रारम्भ है। इसमें ब्लाक स्तरीय मास्टर टेनर्स द्वारा चयनित प्रत्येक गांव से ग्राम केडर के प्रतिभागियों को 2 दिवसीय प्रशिक्षिण में प्रशिक्षित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत 3 और 4 सितंबर को दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित कर जिले के चयनित 554 ग्रामों में से 101 ग्राम के प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया है, जो चयनित ग्रामों में जाकर अभियान के संबंध में ग्रामवासियों को जानकारी प्रदान करेगे तथा 04 बैठकों के माध्यम से सामुदायिक भागीदारी द्वारा गांव का सामाजिक एवं संसाधन मानचित्रण, ट्रांजेक्ट वॉक, गांव का विजन प्लान का निर्माण कर ग्राम सभा में अनुमोदन करवाएगे। इसके बाद चयनित प्रत्येक गांव में सेवा केन्द्र की स्थापना की जाएगी।

### कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने की एक बगिया मां के नाम अभियान की समीक्षा

**रायसेन (निप्र)।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्री अरूण कुमार विश्वकर्मा द्वारा वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से ''एक बगिया मां के नाम'' एवं गौवंश को सड़कों से हटाकर गौशाला में छुड़वाने संबंधी कार्य की समीक्षा की गई। उन्होंने एक बगिया मॉ के नाम अभियान के तहत स्व-सहायता समूहों की महिला सदस्यों को कृषि भूमि पर फलदार पौधों के रोपण हेतु प्रेरित कर पंजीयन, जियो टैग आदि कार्यवाही की सभी जनपद सीईओ और संबंधित अधिकारियों से जानकारी लेते हुए दिशा-निर्देश दिए।

# एक दिवसीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

## आठनेर में जन शिक्षकों को सौंपी सक्षम कार्यक्रम की कमान

**बैतूल (निप्र)।** आठनेर विकासखंड में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित सक्षम कार्यक्रम की प्रगति और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए महत्वपूर्ण जिम्मेदारी जन शिक्षकों को सौंपी गई है। जनशिक्षक न केवल कार्यक्रम की गतिविधियों की निगरानी करेंगे, बल्कि शिक्षकों, मास्टर ट्रेनर्स और अन्य हितधारकों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाने में सेतु की भूमिका निभाएंगे। इसी उद्देश्य से आठनेर में एक दिवसीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान जन शिक्षकों को सक्षम कार्यक्रम के सफल संचालन और प्रभावी क्रियान्वयन से जुड़ी आवश्यक जानकारियां और कौशल प्रदान किए गए। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री राजेन्द्र प्रसाद गिहारे एवं खंड स्त्रोत समन्वयक श्री राजेश कुमार आठनेरे ने मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि सक्षम कार्यक्रम तभी सार्थक परिणाम देगा जब स्कूल, शिक्षक और हम सभी इसके क्रियान्वयन में सहयोगी बनें। बच्चों तक इसका लाभ पहुंचाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रशिक्षण सत्र को ब्लॉक प्रबंधक श्री मेहरबान



सिंह ने संबोधित किया तथा कार्यक्रम की सहज कार्ययोजना पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया किस तरह एसक्यूएमएफ ऑनलाइन फॉर्मेट मॉनिटरिंग करने में सहायक होगा। साथ ही जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री निष्ठा सोदावत ने विशेष तौर पर जेंडर समानता एवं बाल मैत्रीपूर्ण वातावरण पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि निगरानी व्यवस्था इस प्रकार विकसित होनी चाहिए कि बच्चों को आनंदपूर्ण और सुरक्षित शिक्षा का अनुभव मिल सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक श्री राजेश कुमार आठनेरे एवं सभी जन शिक्षक मिला कर 11 प्रतिभागी उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए और सक्षम कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### निसरपुर में आठ माह के बच्चे की जन्मजात हृदय रोग से सफल सर्जरी आयुष्मान भारत योजना से मिली नई ज़िंदगी

**धार (निप्र)।** ग्राम कंदमाल विकासखण्ड निसरपुर के दीपक जमरा के आठ माह के पुत्र रुद्र जमरा को जन्मजात हृदय रोग की गंभीर बीमारी थी। बच्चा लगातार कमजोर और बीमार रहता था। परिवार अत्यंत गरीब होने के कारण उपचार कराना संभव नहीं था। आरबीएसके टीम ने की पहचान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निसरपुर की राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) टीम नियमित जांच के दौरान आंगनवाड़ी एवं विद्यालयों में भ्रमण कर बच्चों की बीमारियों की पहचान करती है। इसी जांच में रूद जमरा की बीमारी का पता चला। टीम ने बच्चे के माता–पिता को सर्जरी की आवश्यकता बताई और जानकारी दी कि यह शल्यक्रिया शासन द्वारा नि:शुल्क कराई जाएगी। धार से इंदौर एम.वाय. अस्पताल तक इसके बाद बच्चे को प्रारम्भिक स्वास्थ्य परीक्षण हेतु जिला अस्पताल धार ले जाया गया। परीक्षण के उपरांत आयुष्मान भारत नियम योजना के अंतर्गत उसका प्रकरण इंदौर एम.वाय. अस्पताल भेजा गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी धार द्वारा अनुमोदन मिलने के बाद 17 जुलाई 2025 को बच्चे को एम.वाय. अस्पताल में भर्ती किया गया।

### फोटो युक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2025 की तैयारी हेतु प्रक्रिया एवं मतदाता सूची तैयार करने के संबंध में कार्यशाला का आयोजन

**अलीराजपूर (निप्र)।** राज्य निर्वाचन आयोग म.प्र के निर्देशानुसार फोटो युक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2025 की तैयारी हेतु प्रक्रिया एवं मतदाता सूची तैयार करने के संबंध में कार्यशाला का आयोजन कलेक्टर सभा कक्ष में उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर श्री मनोज गरवाल की अध्यक्षता में किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री गरवाल ने बताया कि जिन नगरीय निकायों एवं पंचायत की मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य उप निर्वाचन वर्ष 2025 (पूर्वार्द्ध) हेतु किया जा चुका है उन निकायों को छोड़कर शेष निकायों का पुनरीक्षण किया जाना है, इस कार्य को गंभीरता से लेकर तय समय सीमा में पूर्ण करें। इस दौरान मास्टर ट्रेनर श्री राकेश अवास्या द्वारा प्रथम चरण मे कंट्रोल टेबल का वेरिफिकेशन एवं अपडेटशन, द्वितीय चरण में विधानसभा की अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची के आधार पर ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय की प्रारूप मतदाता सूची तैयार करना, नये एवं बढ़े हुए मतदाताओं को नगरपालिका वार्ड अथवा पंचायत में शिफ्ट करना, मतदाता सूची से विलोपित मतदाताओं को मतदाता सूची से हटाने के लिए वेरिफिकेशन जैसे महत्वपूर्ण कार्य की बिंदुवार जानकारी दी गई।

### गांवों व शहरों में हर सप्ताह रक्तदान शिविर आयोजित करें

**खण्डवा (निप्र)।** कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक सप्ताह में चार–पांच स्थानों पर रक्तदान शिविर आयोजित करने की व्यवस्था करें और शासन से रक्तदान शिविरों के लिए मिले वाहन का अधिकतम उपयोग करते हुए रक्तदान अभियान को सफल बनाएं। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री गुप्ता ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्र में रक्तदान शिविरों के स्थान और समय का पहले से निर्धारण कर उनका व्यापक प्रचार प्रसार करें तथा रक्तदाताओं को पहले से तैयार कर लें। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, एसडीएम पुनासा श्री शिवम प्रजापति, सहायक कलेक्टर डॉ. श्रीकृष्णा सुशिर, अपर कलेक्टर श्री के.आर. बड़ोले, सहायक आयुक्त अनुसूचित जनजातीय कार्य विभाग सहित श्री संतोष शुक्ला सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।

# 'सिंहस्थ- 2028 संबंधित सभी निर्माण कार्यों को समय से पूर्ण किया जाए'



**उज्जैन (निप्र)।** उज्जैन सिंहस्थ मेला अधिकारी श्री आशीष सिंह ने सिंहस्थ 2028 के विभिन्न निर्माण कार्यो की समीक्षा बैठक लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए की सिंहस्थ के चल रहे निर्माण कार्यो को आपसी समन्वय से समयसीमा में पूर्ण कराये। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए। जिन निर्माण कार्यों में तकनीकी या अन्य समस्या हो उसे अपने वरिष्ठ अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर हल किया जाए। सिंहस्थ मेला अधिकारी श्री सिंह ने बैठक में रेलवे स्टेशन से श्री महाकालेश्वर मंदिर तक रोपवे परियोजना, खान डायवर्सन क्लोज डक्ट परियोजना, सेवरखेडी-सिलारखेडी परियोजना, जयसिंह पुरा पर रेलवे अंडरपास, सिन्धी कॉलोनी से हरिफाटक ब्रिज तक मार्ग का चौड़ीकरण, हनुमान नाका से हरिफाटक ब्रिज तक मार्ग का चौडीकरण, इंदिरा गांधी चौराहा से चामुण्डा माता चौराहा के बीच फ्रीगंज आर.ओ.बी. के समान्तर आरओबी का निर्माण, उज्जैन-लालपुर-मक्सी मार्ग में समपार क्रमांक 7 पर पूर्व से निर्माणाधीन आर.ओ.बी. के समानांतर एक अतिरिक्त आर.ओ.बी का निर्माण, उज्जैन मक्सी मार्ग पर उज्जैन शहर में पुराने समपार क्र. 2 पूर्व पुल के समानांतर उज्जैन इंदौर रेल सेक्शन पर आई.टी.आई के सामने टू-लेन अतिरिक्त आर.ओ.बी. का निर्माण, लालपुर के डाउन स्ट्रीम में रेल्वे पुल के समानांतर क्षिप्रा नदी पर नवीन फोर लेन पुल निर्माण, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम, मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी आदि निर्माण कार्यो की विस्तार से समीक्षा की। उन्होने संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सिंहस्थ मेला अधिकारी श्री आशीष सिंह ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए की उनकी निर्माण कार्यो में अहम भूमिका है, उन्होंने निर्देश दिए की सिंहस्थ के निर्माण कार्यो की माइक्रो प्लानिंग कर निर्माण कार्यों को समय पर पूर्ण किया जाए। रेलवे के अधिकारियों से समन्वय स्थापित करने के लिए दो अधिकारियों को नियुक्त किया जाए, ताकि समय-समय पर रेलवे संबंधित समस्याओं का निराकरण किया जा सके। बैठक में कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने सिंहस्थ के विभिन्न निर्माण कार्यो की विस्तार से जानकारी दी तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी श्री के.एल मीणा ने भी रेलवे से संबंधित तकनीकी समस्याओं का समय पर निराकरण कर सिंहस्थ कार्यों को पूर्ण करने के लिए अपने रेलवे के संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप शर्मा, श्री विवेक ढांड, नगर निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा तथा संबंधित विभागो के अधिकारी, रेलवे अधिकारी आदि उपस्थित थे।

# व्यक्तित्व निर्माण में शिक्षक की भूमिका महत्वपूर्ण : कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग



### शिक्षक दिवस पर उत्कृष्ट स्कूल में शिक्षक, विद्यार्थी एवं प्राचार्य सम्मानित

**मंदसौर (निप्र)।** शिक्षक दिवस के अवसर पर लाल बहादुर शास्त्री शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मंदसौर में आयोजित जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं प्राचार्यों को सम्मानित किया। कलेक्टर ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक व्यक्तित्व निर्माण के महत्वपूर्ण अंग होते हैं। उन्होंने सभी को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जीवन में जिससे सीखने को मिलता है, उसे गुरु का दर्जा देना चाहिए। मां बच्चे की पहली शिक्षक होती है और भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि शिक्षक न केवल विद्यार्थियों को अकादमिक स्तर पर श्रेष्ठ बनाते हैं, बल्कि उनके व्यवहारिक जीवन को भी संवारने का कार्य करते हैं। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि 15 सितम्बर के पश्चात सभी विद्यालयों में पालक-शिक्षक बैठक आयोजित की जाए, जिसमें बच्चों के परीक्षा परिणाम तथा खेलकूद गतिविधियों पर विशेष चर्चा हो। उन्होंने कहा कि बच्चों के भविष्य निर्माण में अभिभावकों की भी अहम भूमिका होती है। समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी सुश्री टेरेसा मिंज, श्री लोकेंद्र डाबी, बीईओ श्री आनंद डावर सहित प्राचार्य, शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## लोकोस ट्राजेक्शन एप पर चार दिवसीय प्रशिक्षण सपन्न



**धार (निप्र)।** म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत जिले में गठित समस्त स्व सहायता समूहों, ग्राम संगठनों एवं संकुल स्तरीय संगठनों के ट्राजेक्शन की लोकोस एप पर प्रविष्ठि हेतु चार दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन सीटीस मांडव में किया गया।

प्रशिक्षण में 12 विकासखंडों से 4 मास्ट्रेनर, 14 मिशन स्टाफ, सीएलएफ, ग्राम संगठन व समूहों के पुस्तक संचालक (बीके) सहित कुल 60 प्रतिभागी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में तीनों सगठनों की कट ऑफ शीट तैयार करना, उनकी आन लाईन प्रविष्टि करना आदि के बारे मे पीपीटी, आन लाईन प्रविष्टि के बारे में सभी को विस्तार पूर्वक बताया गया। जिसमें सभी तीनों संगठनों की चल अचल संपत्ति, प्राप्तियॉ, दायित्व, आय एवं व्यय को आडिट रिपोर्ट से तैयार करना एवं इसकी प्रविष्टि करने के बारे में सभी को आन लाईन बतया गया व सभी से चर्चा कर उनकी समस्या का समाधान किया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर के रूप में जिला प्रबंधक सूक्ष्म वित्त श्री प्रवीण सोलंकी एवं श्री गौरीशंकर सवनेर, श्री जितेन्द्र पटेल, श्री विरेन्द्र ठाकुर, सहा. विकासखंड प्रबंधक, सुश्री संजना मालवीय त्रुक किपर विकासखंड कुक्षी रहे। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस जिला परियोजना प्रबंधक श्री प्रमोद दुसाने के द्वारा सभी प्रतिभागियों से चर्चा कर उनके द्वारा 4 दिवस प्रशिक्षण की सीख पर सभी प्रतिभागियों के जानकारी ली गई।

## अतिवृष्टि में बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए एसडीईआरएफ सहित प्रशासनिक अधिकारी तैनात बाढ राहत कार्य जारी



**रतलाम (निप्र)।** जिले में हो रही लगातार भारी बारिश के चलते कलेक्टर श्री राजेश बाथम के निर्देशानुसार जल भराव एवं बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए एस डी ई आर एफ सहित प्रशासनिक अधिकारी नदी/नालों, पुल/पुलियाओं पर सतत् निगरानी रखे हुए है।

एसडीएम, तहसीलदार/नायब तहसीलदार नगरीय निकाय, ग्रामीण विकास विभाग एवं आपदा प्रबंधन से संबंधित अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में सतत् भ्रमण कर आमजन को बाढ़/अतिवृष्टि की स्थिति में सहायता प्रदान कर रहे है एवं नदी/नाले पार नहीं करने एवं पुल /पुलियाओं पर बाढ़ का पानी होने की स्थिति में आवागमन नहीं करने के लिए समझाईश दे रहे है। घरो मे पानी भरने की स्थिति मे रहवासियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचा रहे हैं।

हाथीखाना रतलाम में जल भराव की सूचना पर एस डी ई आर एफ की टीम घटनास्थल पर पहुंची। नाली का चैंबर ब्लॉक था, पत्थर हटा दिया गया है पानी कम हुआ है। रतलाम शहर में जलभराव की स्थिति वाले सभी ईलाको मे टीम तैनात हैं। एस डी एम विवेक सोनकर ने बताया कि ग्राम पलडूना मे घर में पानी भर आया था जेसीबी से निकाल दिया गया है, स्थिति सामान्य है। बाढ़ प्रभावित सभी क्षेत्रों में प्रशासनिक अधिकारी निगरानी बनाये हुए है।

# विद्यार्थी विज्ञान मंथन 2025-26 परीक्षा को लेकर उत्कृष्ट विद्यालय देवास में बैठक का आयोजन हुआ

### विद्यार्थी विज्ञान मंथन 2025-26 राष्ट्रीय परीक्षा हेतु रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 30 सितंबर

### विजेता छात्र इसरो, डी.आर.डी.ओ, आई.आई.टी, आदि राष्ट्रीय संस्थानों में इंटर्नशिप करेगें

**देवास (निप्र)।** विद्यार्थी विज्ञान मंथन 2025-26 परीक्षा को लेकर आज उत्कृष्ट विद्यालय देवास में ब्रोशर लॉन्चिंग एवं ओरिएंटेशन बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें परीक्षा के राज्य समन्वयक डॉ. शिव मेवाड़ा एवं श्री संतोष वर्मा के द्वारा सभी स्कूलों के विज्ञान शिक्षकों को मार्गदर्शन दिया गया। राज्य समन्वयक डॉ. मेवाड़ा ने बताया कि राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा वी.वी.एम. परीक्षा स्कूली छात्रों के लिए भारत की सबसे बड़ी विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा है। इसका उद्देश्य छात्रों में मूलभूत विज्ञान के प्रति रुचि जागृत विज्ञान को लोकप्रिय बनाना, पारंपरिक से लेकर आधुनिक काल तक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत के योगदान के बारे में शिक्षित करना, प्रयोगात्मक कौशल परीक्षणों के माध्यम से छात्रों को व्यावहारिक शिक्षा प्रदान करना, वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाले छात्रों की पहचान करने के लिए प्रतिस्पर्धी परीक्षाएँ आयोजित करना, छात्रों को विज्ञान के क्षेत्र में आगे की शिक्षा हेतु तैयार करने के लिए मार्गदर्शक प्रदान करना, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर सफल छात्रों की पहचान करना और उन्हें सम्मानित करना। विजेताओं के लिए देश के विभिन्न अनुसंधान एवं विकास संस्थानों जैसे इसरो, डीआरडीओ, आईआईटी बड़े संस्थानों में शैक्षिक भ्रमण आयोजित करना है।

यह परीक्षा चार स्तर पर आयोजित की जाएगी। पहला चरण में जिसमें सभी छात्र भाग लेकर ऑनलाईन परीक्षा देंगे। दूसरे चरण में ऑनलाईन परीक्षा जिसमें पहले चरण के उत्तीर्ण छात्र भाग लेंगे। तीसरा चरण राज्य स्तर पर आईआईटी इंदौर और आर.आर.केट, इंदौर जैसी प्रतिष्ठित संस्था आयोजित द्वारा आयोजित किया जाएगा। राज्य स्तर पर प्रति कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को क्रमशः

5000, 3000, 2000, मोमेंटो और सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। तीसरे चरण में प्रथम और द्वितीय स्थान पाने वाले प्रती कक्षा के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय लेवल के कैंप में भाग लेने का मौका मिलेगा, जो विद्यार्थी राष्ट्रीय लेवल की परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय प्राप्त करेंगे उन्हें क्रमशः 25000, 15000, 10000 नगद पुरस्कार के साथ मोमेंटो और सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। साथ ही नेशनल विजेताओं को 2000 प्रति माह के हिसाब से पूरे एक साल तक भास्कर स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी तथा उन्हें एक से तीन सप्ताह की नेशनल लेवल के इंस्टिट्यूट में सृजन इंटर्नशिप करने का मौका मिलेगा। नेशनल लेवल के कैंप में जो जोनल विनर होंगे उन्हें प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को क्रमशः 5000, 3000, 2000 के साथ मोमेंटो और सर्टिफिकेट दिया जाएगा। साथ ही इन्हें सृजन प्रशिक्षण के लिए हर कक्षा से तीन विद्यार्थियों को भेजा जाएगा।

डॉ. मेवाड़ा ने बताया कि वीवीएम 25 वर्षों से पूरे भारतवर्ष में आयोजित की जा रही है जिससे प्रतिवर्ष सैंकड़ों की संख्या में विद्यार्थी फैलोशिप एवं इंटर्नशिप प्राप्त करते हैं और बड़ी संस्थाओं में फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी, गणित जैसे विषयों नेशनल लेवल की लैब में वैज्ञानिकों के साथ प्रयोग करने का मौका मिलता है। इस वर्ष यह परीक्षा अंतर्राष्ट्रीय लेवल पर आयोजित की जा रही है। डॉ रजनीश पोरवाल द्वारा अतिथि एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त किया गया इस दौरान बताया गया कि विद्यार्थी विज्ञान मंथन 2025-26 एक राष्ट्रीय परीक्षा है, जो एन.सी.ई.आर.टी., शिक्षा मंत्रालय, एन.सी.एस.एम., संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार एवं विज्ञान भारती, द्वारा कक्षा 6वीं से 11 वीं के छात्रों के लिये आयोजित की जा रही है। इसका उद्देश्य छात्रों में विज्ञान के प्रति रूचि जगाना और उनकी प्रतिभा को पहचानना है।

## माता-पिता और शिक्षक-गुरू होते हैं राष्ट्र निर्माता, उनका सम्मान करें और चुनौतियों का सामना कर आगे बढ़ें- मंत्री श्री सिलावट

### मंत्री श्री सिलावट ने शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी सांवेर में मनाया गया शिक्षक दिवस

### शिक्षक-विद्यार्थियों और उनके माता-पिता के साथ किया स्नेह भोज



**इन्दौर (निप्र)।** जल संसाधन मंत्री श्री तुलसी सिलावट के मुख्य आतिथ्य में आज शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय सांवेर में शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर उन्होने शिक्षक-विद्यार्थियों और उनके माता-पिता को संबोधित करते हुए कहा कि माता-पिता और शिक्षक-गुरु राष्ट्र निर्माता होते है, उनका सम्मान करें और चुनौतियों का सामना कर आगे बढे।

जीवन में गुरू के ज्ञान से ही देश और प्रदेश का विकास संभव होगा। विकसित भारत बनाने में शिक्षक और विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

शिक्षक द्वारा नित्य नवीन प्रयोग कराये जाने से छात्र वैज्ञानिक, डाक्टर, शिक्षक और कलेक्टर बनकर देश की सेवा करते है। विज्ञान के कारण आज भारत विश्व गुरु बन गया है। आज भारत की गिनती श्रेष्ठ दस देशों में होती है, जिससे हमें गर्व होता है। इसलिए हमें हमेशा माता-पिता और शिक्षक-गुरू का सम्मान करना चाहिए। इस अवसर पर श्री सिलावट ने उपस्थित विद्यार्थियों और उनके माता-पिताओं और शिक्षकों को अपने हाथों से भोजन प्रदान कर उनके साथ स्नेह भोज किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में गणेश पूजन और मां सरस्वती की प्रतिमा पर मार्त्यापण किया गया। 56 भोग भी लगाये गये। इस अवसर पर सर्वश्री भारतसिंह, दिलीप चौधरी, संदीप चंगेडिया, जीतुराज राठौर, सुभाष जैन, सतीश मालवीय, संजय घोडेला और प्राचार्य सरवैया सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार करें और रोचक तरीके से बच्चों को पढ़ाएं शिक्षक - कलेक्टर श्री गुप्ता



**खण्डवा (निप्र)।** शिक्षक दिवस के अवसर पर शुक्रवार को गौरी कुंज सभागृह में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने कहा कि शिक्षकगण बच्चों को सरल और रोचक तरीके से पढ़ाएं, और अध्यापन के क्षेत्र में नवाचारों को शामिल करें। उन्होंने इस जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में कहा कि दृश्य श्रव्य माध्यम से शिक्षकगण कठिन से कठिन प्रश्न का जवाब विद्यार्थियों को आसानी से समझा सकते हैं।

कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी पी एस सोलंकी ने स्वागत उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षक का कार्य राष्ट्र निर्माण के साथ-साथ श्रेष्ठ नागरिक का निर्माण करना भी है। जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में विभिन्न श्रेणी में शिक्षकों का सम्मान किया गया। जिसमें सेवानिवृत शिक्षकों, हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा परीक्षा में शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम वाले स्कूलों के शिक्षक, नवाचार करने और उत्कृष्ट परिणाम वाले शिक्षकों, खेलकूद प्रतियोगिताओं में जिले का प्रतिनिधित्व करने वाले शिक्षकों तथा प्रदन्या बुकलेट के निर्माण करने वाले शिक्षक और उनके साथ ही विकासखंड शिक्षा अधिकारी और विकासखंड स्त्रोत समन्वय को भी को इस कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डाइट केशव पाराशर, प्राचार्य मनोज सराफ, सहायक संचालक नीरज पाराशर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। यह कार्यक्रम पी.डी. डोंगरे, शैलेंद्र सिंह चौहान, मंगलेश उपाध्याय, राजेश भंगाले, गणेश शर्मा, अर्जुन सिंह राजपूत के सहयोग से संपन्न किया गया। कार्यक्रम में प्रदन्या - 2 बुकलेट का विमोचन भी कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन संदीप जोशी ने किया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन एडीपीसी रमसा सुश्री संगीता सोनवाने द्वारा किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री गुप्ता ने सुश्री रजनी दुबे, सुभाष केशोरे, श्रीमती अलका उपाध्याय प्राचार्य, श्रीमती संगीता सोनवाने, संतोष तिवारी, संध्या मौर्य, अर्जुन सिंह राजपूत, राजेश भंगाले, संजीव खरे, प्रशांत दीक्षित एवं अन्य शिक्षकों को भी सम्मानित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### संगीतमय श्रीराम कथा में गूंजे जयकारे



**राजगढ़/माचलपुर, निप्र।** नगर की आवास कॉलोनी स्थित संकट मोचन (परोड़ा) बालाजी मंदिर में गणेश उत्सव के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा में श्रद्धालु भक्ति रस का आनंद ले रहे हैं। प्रतिदिन रात्रि 8 से 11 बजे तक हो रही कथा में कथावाचक भारत ने शिव विवाह, राम जन्म व राम विवाह जैसे प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। भजनों की मधुर स्वर लहरियों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कथा प्रवक्ता भारत ने रामायण को सेवा, त्याग व संस्कारों का अमृत स्रोत बताया। श्रद्धालु जय सिया राम के जयकारों के साथ भाव विभोर नजर आए। आयोजन समिति ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से कथा श्रवण का लाभ लेने की अपील की है।

### बैठक : गुणवत्तापूर्ण खाद, बीज व कीटनाशक उपलब्ध कराने के निर्देश

**राजगढ़/सुसनेर, निप्र।** एसडीएम सर्वेश यादव ने शुक्रवार को सुसनेर व नलखेड़ा क्षेत्र के उर्वरक विक्रेताओं की बैठक ली। उन्होंने निर्देश दिए कि किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद, बीज व कीटनाशक उपलब्ध करवाएं। नकली उर्वरक बेचने वालों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। विक्रेताओं को प्रतिदिन स्टॉक की जानकारी देना अनिवार्य किया गया। साथ ही कृषि अधिकारियों को किसानों को जैविक खेती व नैनो यूरिया के उपयोग हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिए गए।

### अयोध्या धाम मंदिर में किया समाजसेवी ने विमान दान

**राजगढ़/मोयली-कलां, निप्र।** अयोध्या धाम मंदिर में डोल ग्यारस के दिन भोपाल निवासी समाजसेवी बाबूलाल विश्वकर्मा ने अपने स्वर्गीय माता-पिता की स्मृति में विमान सप्रेम दान किया। ये दान उनके भाई स्व. मांगीलाल विश्वकर्मा एवं भाभी पार्वती बाई की ओर से किया गया। पूर्व में स्व. मांगीलाल ने राम मंदिर मोयलीकलां में लकड़ी का विमान अपने हाथों से बनाकर भेंट किया था। विश्वकर्मा परिवार की इस सेवा भावना की गांव में सराहना की जा रही है।

### फूलों की रंगोली बनाई, पारंपरिक व्यंजनों से ओणम साद्या तैयार की

**राजगढ़, निप्र।** राजगढ़ केरल का प्रमुख फसल उत्सव ओणम शुक्रवार को राजगढ़ में भी मलयाली समाज द्वारा आस्था, परंपरा और उल्लास के साथ मनाया गया। ये पर्व राक्षस राजा महाबली की घर वापसी का प्रतीक माना जाता है और मलयालम कैलेंडर के पहले महीने चिंगम में मनाया जाता है। शहर के गिरनार सिटी, इंदिरा कॉलोनी और उद्धव नगर में निवासरत मलयाली परिवारों ने पारंपरिक पोशाक में सजकर घरों में पुकलम (फूलों की रंगोली) बनाई और पारंपरिक व्यंजन से सजी ओणम साद्या तैयार की। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने उत्सव में भाग लिया। महिलाओं ने केरल के पारंपरिक लोक नृत्य प्रस्तुत किए और पूजा-अर्चना कर समृद्धि और सुख-शांति की कामना की। इस दौरान समाज के वरिष्ठ जनों ने ओणम पर्व का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व बताया।

### आज होगा पेंशनरों का स्वास्थ्य परीक्षण

ब्यावरा। प्रोग्रेसिव पेंशनर एसोसिएशन शाखा ब्यावरा के सभी पेंशनर्स साथियों का 08 सितंबर 2025 को सिविल अस्पताल ब्यावरा में पेंशनर्स साथियों एवं बुजुर्गों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर सुबह 10 बजे से होगा। इसके लिए कालूराम शाक्यवार अध्यक्ष ब्यावरा शाखा मैं सभी पेंशनर्स साथियों से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में शामिल होने की अपील की है।

# शहर पुलिस ने 03 अपहृत नाबालिग बालिकाओं एवं 01 बालक को किया बरामद



**ब्यावरा।** एसपी अमित तोलानी द्वारा गुम एवं अपहृत नाबालिग बालक -बालिकाओं को दस्तयाब करने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में एएसपी केएल बंजारे एवं एसडीओपी प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी ब्यावरा शहर वीरेंद्र सिंह धाकड़ की टीम द्वारा तत्परता से त्वरित कार्यवाही करते हुए 03 अपहृत नाबालिग बालिकाओं एवं 01 बालक को दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की है।

**पहला मामला:** 05 सितंबर 25 को फरियादी की रिपोर्ट पर कि उनकी नाबालिक बालिका को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर कर भगा कर ले गया है। घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी ब्यावरा शहर द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस द्वारा घटना की गंभीरता को देखते हुए अपहृत बालिका की खोजबीन प्रारंभ कर दी। पुलिस के लगातार कठिन परिश्रम उपरांत नाबालिग बालिका को सुरक्षित वा सकुशल दस्तयाब कर, परिजनों को सुपुर्द किया गया है।

**दूसरा मामला*:** 06 सितंबर 25 को फरियादी की रिपोर्ट पर कि उनकी 02 नाबालिक बालिकाओ को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर कर भगा कर ले गया है। घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी ब्यावरा शहर द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस द्वारा घटना की गंभीरता को देखते हुए अपहृत बालिका की खोजबीन प्रारंभ कर दी। पुलिस के लगातार कठिन परिश्रम उपरांत नाबालिग बालिकाओं को सुरक्षित वा सकुशल दस्तयाब किया गया जिनसे पूछताछ कर जांच की जा रही है।

**तीसरा मामला*:** 06 सितंबर 25 को फरियादिया की रिपोर्ट कि उनके नाबालिक बालक को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर कर भगा कर ले गया है। घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी ब्यावरा शहर द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस द्वारा घटना की गंभीरता को देखते हुए अपहृत बालक की खोजबीन प्रारंभ कर दी। पुलिस के लगातार कठिन परिश्रम उपरांत नाबालिग बालक को सुरक्षित वा सकुशल दस्तयाब किया कर परिजन को सुपुर्द किया गया है।

**इनकी रही भूमिका :** इस कार्रवाई में थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह धाकड़, उप निरीक्षक राकेश दामले, उप निरीक्षक गोविंद सिंह मीणा, जगदीश गोयल, पूजा राठौर, प्रधान आरक्षक उमेश शर्मा, शैलेंद्र बेस, भोपाल वर्मा, आरक्षक मनीष गोयल, धीरेंद्र, परमेश्वर दास, प्रीतम मीणा, आरक्षक राहुल मीणा, महिला आरक्षक रानू, आरक्षक चालक संजय बाथम एवं साइबर सेल से उप निरीक्षक विकास राठौर, प्रधान आरक्षक शशांक यादव, आरक्षक हितेश यादव का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



## वासुपूज्य भगवान के निर्वाण मोक्ष कल्याणक पर विशेष अभिषेक और शांतिधारा का कार्यक्रम आयोजित

**ब्यावरा।** नगर में पर्युषण पर्व के दसवें दिन उत्तम ब्रह्मचर्य अनंत चतुर्दशी पर विशेष धार्मिक आयोजन हुए। पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में पार्श्वनाथ भगवान का अभिषेक और शांतिधारा की गई। इस अवसर पर पहली बार 1008 आदिनाथ भगवान का महामास्तकाभिषेक और शांतिधारा का आयोजन किया गया। वासुपूज्य भगवान के निर्वाण मोक्ष कल्याणक पर विशेष अभिषेक और शांतिधारा का कार्यक्रम हुआ। दीपकमल शर्मा और डॉ. नमिता जैन के परिवार को वासुपूज्य भगवान की शांतिधारा का सौभाग्य प्राप्त हुआ। आदिनाथ भगवान पर



महेंद्र कुमार और पीयूष मित्तल के परिवार ने शांतिधारा की। पारसनाथ भगवान पर राजीव जैन और राजेश जैन के परिवार ने शांतिधारा की। पंडित भागचंद जैन ने शांतिधारा का उच्चारण किया। उनके प्रवचन में उत्तम ब्रह्मचर्य पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि इंद्रियों और वासनाओं पर विजय प्राप्त करना ही उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म है। उन्होंने ब्यावरा दिगंबर जैन समाज की सराहना की। दोपहर में दिगंबर जैन समाज द्वारा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जैन मंदिर तक शोभायात्रा निकाली गई। प्रवचन से प्रभावित होकर कई भक्तों और बच्चों ने पंडित जी से धार्मिक नियम लिए। कार्यक्रम में राजीव जैन, विनोद जैन, धर्मेन्द्र जैन, विजय जैन, रमेश जैन, संदीप जैन, दीपकमल शर्मा तथा अनीता जैन, नमिता जैन, शोभा जैन, मनीषा जैन, मुक्ता जैन और डिंपल जैन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## प्रोफेसर जोशी मेमोरियल ने शिक्षक दिवस पर किया शिक्षकों का सम्मान







**ब्यावरा।** दिवंगत प्रोफेसर के जोशी व उनकी धर्मपत्नी शिक्षिका राजबाला जोशी की स्मृति में प्रोफेसर जोशी मेमोरियल द्वारा शुक्रवार को शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में 28 सेवानिवृत्त शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह इस समारोह का तीसरा वर्ष था। कार्यक्रम में पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी, रिटायर्ड प्रोफेसर रतन लाल शर्मा, वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर केसी मिश्रा व बीआरसी ब्यावरा गोपाल कृष्ण दुबे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वक्ताओं ने जोशी दंपत्ति का शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके साथ-साथ उन्होंने उनसे जुड़े संस्मरणों को याद करते हुए शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया। रिटायर्ड प्रोफेसर व्ही के जैन, कीड़ा अधिकारी मोहम्मद शफी सैफी व रिटायर्ड शिक्षक डीआर यादव द्वारा बताया गया कि दोनों ही लंबे समय से शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े रहे और उनके द्वारा शिक्षित विद्यार्थी आज के समय में उच्च पदों पर आसीन है। वक्ताओं का कहना था कि आज जहां शिक्षा का व्यवसायीकरण हो रहा है, वहीं जोशी दंपत्ति ने जरूरतमंद विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए प्रेरित किया। स्वागत भाषण अभिलाष जोशी व आभार प्रदर्शन गार्गी जोशी द्वारा व्यक्त किया गया। इस मौके पर शहर के गणमान्य जन व बड़ी संख्या में शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## संतोषी माता मंदिर की भव्यता और सौंदर्यता में आएगा निखार

### पुराने नपा कार्यालय परिसर में पैवर्स लगाने के कार्य का भूमि पूजन



**ब्यावरा।** श्रद्धालुओं की आस्था के केन्द्र मैन मार्केट के पुराना नपा कार्यालय स्थित माँ संतोषी माता मंदिर परिसर की भव्यता और सौंदर्यता में निखार लाने के प्रयास शुरु हो गये है। इसी कड़ी में परिसर में पैवर्स लगाने के कार्य का भूमिपूजन किया गया। इससे दुकानदारों एवं ग्राहकों को सुगम एवं बेहतर सुविधा का लाभ मिल सकेगा। उल्लेखनीय है कि पुराना नपा कार्यालय परिसर स्थित संतोषी माता मंदिर परिसर की भव्यता और सौंदर्यता को निखारने वार्ड पार्षद प्रतिनिधि रवि बड़ोने द्वारा दुकानदारों से इसमें सहयोग करते हुए दुकानों के आगे हो रहे अतिक्रमण को स्वेच्छा से हटाकर एक सिमित दायरे में दंती कर परिसर को बेहतर रुप प्रदान करने सहयोग मांगा था जिस पर दुकानदारों ने अपना पूर्ण सहयोग देते हुए सभी के द्वारा एक समान डेढ़ फीट दंती रखने का निर्णय लिया। इस तरह इस परिसर की भव्यता और सौंदर्यता बढ़ेगी। इस अनुकरणीय कार्य में नपाध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह ने अपनी सहमति देते हुए पूर्ण सहयोग किया। भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान नपाध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, पार्षद प्रतिनिधि रवि बड़ोने, अरविंद शर्मा, गोपाल बादशाह, सुमित सौलंकी, अर्पित मंगल सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# मंत्री टेटवाल ने किया घटना स्थल का निरीक्षण

## कार चालक की तलाश जारी




**सारंगपुर, निप्र।** एबी रोड के पुराने पुल पर शुक्रवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। पुल से अचानक एक स्विफ्ट कार क्रमांक एमपी 04 सीके 3378 अनियंत्रित होकर कालीसिंध नदी में जा गिरी। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और क्रेन बुलवाकर नदी से कार को बाहर निकाला गया। कार पुल से लगभग 10 फीट दूर नदी में मिली। पुलिस ने कार के नंबर के आधार पर पता लगाया, जिसमें कार से संडावता निवासी महेश सोनी का पुत्र विशाल सोनी अपने काम से इंदौर जा रहा था। लेकिन पुल पर गुड्डे होने और रेलिंग नहीं होने से कार नदी में गिर गई। देर शाम तक नदी का बहाव तेज होने के कारण कार सवार का पता नही लग पाया है। घटना की जानकारी मिलते ही मंत्री गौतम टेटवाल भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल्द गोताखोरों की टीम बनाकर नदी में सर्चिंग की जाए। फिलहाल कालीसिंध नदी उफान पर है और पानी का तेज बहाव होने के बाद भी गोताखोर लगातार कपिलेश्वर डैम और आसपास के हिस्सों में खोजबीन कर रहे हैं। थाना प्रभारी आकांक्षा हाडा ने बताया गोताखोरों द्वारा नदी और डैम क्षेत्र में सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन अभी तक कार सवार का कोई सुराग नहीं मिल पाया है।



## कुरैशी मोहल्ले में सात दिनों से घरों में पानी भरा, लोग परेशान

**राजगढ़/तलेन, निप्र।** मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा शुरू किए गए जल गंगा संवर्धन अभियान में स्थानीय अमले की अनदेखी अब तलेन नगर में भारी पड़ रही है। 30 मार्च से 30 जून तक चले इस अभियान में नगर परिषद तलेन ने मात्र औपचारिकता निभाई गई, जिससे अब बारिश में जलभराव की गंभीर समस्या सामने आ रही है। वार्ड-15 कुरैशी मोहल्ले में सात दिनों से घरों में पानी भरा है, जिससे लोग परेशान हैं। साबिर, अख्तियार, निसार खान, अकिल कुरैशी, गफ्फार, अकरम खां, शफीक कुरैशी सहित कई लोगों के घर प्रभावित हैं। पूर्व में नगर परिषद को आवेदन देने के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। देवल छतरी शिवालय, गांधी चौक, सारंगपुर नाका मार्ग पर भी पानी जमा है। शिकायत के बाद परिषद के अधिकारी मौके पर पहुंचे। सीएमओ गोविंद सिंह मेचन और जनप्रतिनिधियों द्वारा अभियान को कागजों तक सीमित रखने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है।

# महिला सशक्तिकरण अभियान गणेश पंडालों तक पहुंचा

### राजगढ़ में अधिकारों की जानकारी दी गई, जागरूकता से 6 नए केस दर्ज




**राजगढ़, निप्र।** राजगढ़ जिले में महिलाओं और बालिकाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए संकल्प हब का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। महिला बाल विकास अधिकारी श्याम बाबू खरे के मार्गदर्शन में यह अभियान संचालित किया जा रहा है। वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक रश्मि चौहान के निर्देशन में केस वर्कर गुंजा सक्सेना गणेश पंडालों में श्रद्धालुओं को जागरूक कर रही हैं। अभियान के तहत राजमहल ड्योढी शाला स्कूल, बड़ा हनुमान कालाखेत, पुरानी कोतवाली, बड़ा बाग और राजमहल के गणेश पंडालों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। श्रद्धालुओं को महिला हिंसा, बाल अधिकार और घरेलू हिंसा अधिनियम की जानकारी दी गई।

साथ ही ऊर्जा हेल्प डेस्क, वन स्टॉप सेंटर और विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया गया। 2 से 12 सितंबर तक चलने वाले इस अभियान में जेंडर संवेदनशीलता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। रश्मि चौहान ने लैंगिक समानता और सामाजिक भेदभाव को समाप्त करने के तरीकों पर प्रकाश डाला। उन्होंने समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। अभियान के दौरान कई महिलाएं वन स्टॉप सेंटर पहुंचीं। यहां 6 नए मामले दर्ज किए गए। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे सामाजिक भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाएं। साथ ही बच्चों, महिलाओं और बालिकाओं के अधिकारों की रक्षा में सहयोग करें।

### राजगढ़ में सांप के जहर से जंग जीतकर लौटा मासूम

**राजगढ़, निप्र।** राजगढ़ जिले के खिलचीपुर तहसील के लखोनी गांव में रहने वाला 6 साल का मासूम जिंदगी की जंग जीतकर शनिवार को घर लौट आया। कुछ दिन पहले स्कूल में पढ़ाई के दौरान पानी पीने मटके के पास जाते समय जहरीले सांप ने उसे डस लिया था। गंभीर हालत में बच्चे को राजस्थान के अकलेरा स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां डॉक्टरों ने हालत बिगड़ने पर उसे वेंटिलेटर पर रखा। बच्चे के परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण खिलचीपुर एसडीएम अंकिता जैन के नेतृत्व में ब्लॉक के सभी शिक्षकों ने मिलकर लगभग 1 लाख 4 हजार रुपए का चंदा जमा किया। इस मदद से बच्चे का इलाज संभव हो सका। सात दिनों के कठिन इलाज के बाद बच्चा पूरी तरह स्वस्थ होकर घर लौट आया।



## प्रशासन ने कुंडालिया डेम के 8 गेट खोले

**राजगढ़/झाड़मऊ, निप्र।** सारंगपुर व जीरापुर तहसील में लगातार हो रही भारी बारिश के चलते कालीसिंध नदी का जल स्तर तेजी से बढ़ गया है। कुंडालिया डेम पूरी तरह भर चुका है, जिसके चलते प्रशासन ने डेम के 8 गेट खोल दिए हैं। तेज बहाव के कारण नदी-नाले उफान पर हैं और जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सितंबर में सक्रिय मानसून के कारण क्षेत्र में मूसलधार बारिश जारी है, जिससे निचले इलाकों में पानी भरने की स्थिति बन रही है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक अरुण कुमार पटेल द्वारा अरुण ऑफसेट प्रिंटर्स, द मॉल शॉपिंग काम्प्लेक्स, कोलार रोड भोपाल से मुद्रित कराकर आनंद विद्या भारती स्कूल के सामने सिराज उद्दीन खान म.नं. 5 जिला राजगढ़ से प्रकाशित। **संपादक:** अरुण कुमार पटेल, **स्थानीय संपादक: इफ्तेखार उद्दीन खान,** मो. 9977442619 उप संपादक : कमरुद्दीन खॉन मो. 9425442435 (समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र राजगढ़ होगा।)